**सूरतेहाल** | यूपी टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में एआई, आटोमेशन तथा डिजिटिलाइजेशन रिपोर्ट में सामने आई जानकारी

# एआई बदल रहा टेक्सटाइल उद्योग की तस्वीर

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** कपड़ा उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), ऑटोमेशन तथा डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल अभी शुरुआती दौर में है। सिर्फ 21 % इकाइयां ही एआई का इस्तेमाल कर रही हैं, जबकि 22 % कारखानों में एआई का इस्तेमाल परीक्षण के दौर से गुजर रहा है। यह कहा जा सकता है कि 43 % उद्योगों ने एआई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एआई के इस्तेमाल से देख के टेक्सटाइल उद्योग की तस्वीर तेजी से बदलने लगी है।


यह निष्कर्ष है यूपी टेक्स कॉन्क्लेव में जारी भारतीय टेक्सटाइल एवं परिधान उद्योग में एआई, ऑटोमेशन तथा डिजिटिलाइजेशन के इस्तेमाल से जुड़ी अध्ययन रिपोर्ट का। यह अध्ययन 'कंफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल' संस्था ने किया है।

रिपोर्ट कहती है कि देश में 22 फीसदी टेक्सटाइल इकाइयां एआई के इस्तेमाल की तैयारी कर रही हैं। इसके इतर 35 प्रतिशत कारखानों ने अभी एआई का इस्तेमाल ही शुरू नहीं किया है। एआई के इस्तेमाल, उत्पादन और गुणवत्ता से जुड़े काम में शुरू हो चुका है। दोनों ही क्षेत्र में एआई की हिस्सेदारी 43-43% है। बिक्री, वित्त, मानव संसाधन तथा डिजाइन जैसे कार्यों में भी करीब 41 फीसदी एआई का इस्तेमाल शुरू हो चुका है।

## 38 फीसदी इकाइयों में कोई डिजिटल प्रणाली नहीं

डिजिटलाइजेशन की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण है। स्टडी के मुताबिक, ईआरपी सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली डिजिटल प्रणाली है और 50 फीसदी से अधिक कंपनियों में इसका इस्तेमाल हो रहा है। इसके इतर 38 फीसदी कंपनियों ने किसी भी तरह की डिजिटल सिस्टम का इस्तेमाल अभी शुरू नहीं किया है।

## विभिन्न इकाइयों में एआई का इस्तेमाल




**22** % इकाइयां एआई इस्तेमाल की तैयारी कर रही हैं

## एआई का प्रयोग

**62%** मशीन निगरानी
**60%** प्रयोगशाला परीक्षण
**54%** गुणवत्ता की खराबी पकड़ने में
**51%** धागे की जांच में